## खबर संक्षेप



### अलग अलग स्थानों से चार सटोरियों को पकड़ा

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने मयूर मार्केट के पीछे सट्टा पर्ची काटते दो सटोरियों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार 1. गंगाचरण पिता भगवानदास लोधी 40 साल निवासी ग्राम मवई ( देवरी ) थाना स्लीमनाबाद 2. रामसिह लोधी निवासी ग्राम मवई ( देवरी ) थाना स्लीमनाबाद को सट्टा पर्ची काटते हुए पकड़ा गया है। दोनो के पास से 04 नग सटटा पटटी , एक कार्बन का टुकडा , एक डाट पेन , एकडायरी जिसमे सटटा पटटी के अंक लिखे हुये , एक मोबाईल फोन तथा 1860 रुपये भी जब्त किया गया है। इसी तरह उमरियापान पुलिस ने ग्राम परसेल में मोह.कैश उर्फ आलू पिता मोह. मजीद खान 50 साल निवासी ग्राम परसेल को एक सट्टा पट्टी,एक ड़ाट पेन , 480 रुपये के साथ पकड़ा है। उधर रीठी पुलिस ने बस स्टैण्ड ग्राम देवगाँव में संदीप रैदास पिता मिलन रैदास 30 साल निवासी ग्राम देवगाँव को सट्टा पर्ची काटते पकड़ा। दो नग सट्टा पर्ची जिसमे अंको पर रुपये पैसो का दाँव लगा हुआ है, प्रथम अंक 12-10 एवं अंतिम अंक 75 लिखा है, एवं दूसरी पर्ची मे 56-20 एवं अंतिम अंक 95 कुल दोनो पर्ची मे 500/- रुपये की लगवाड़ी लेख है एवं कार्बन का टुकड़ा ,एक लीड पेन, एवं लगवाड़ी की नगदी 500/- रुपये जब्त किया गया।

### 8 व्यक्तियों के पास से अवैध शराब की गई जब्त

**कटनी।** बालक पुलिस ने दो व्यक्तियों के पास से अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार लटोरी सिंह लोधी पिता बाबू सिंह लोधी 60 निवासी मसंधा के पास से 13 पाव प्लेन शराब एवं गोविंद लोधी पिता दयाराम लोधी 45 निवासी मोहतरा के पस से 14 पाव प्लेन शराब जब्त की है। इसी तरह रीठी पुलिस ने संतोष यादव पिता स्व.धर्मा यादव 42 साल निवासी ग्राम बड़गाव गंगानगर के पास से 16 पाव देशी लाल अवैध शराब एवं बड़वारा पुलिस ने राजू उर्फ शिवबदन सिंह चौहान 40 साल निवासी ग्राम जुगिया से 16 पाव प्लेन देशी मदिरा जब्त की है। वहीं कैमोर पुलिस ने चार स्थानों से अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार भूरा कोल पिता स्व. विश्राम कोल 60 वर्ष निवासी ग्राम बरापार के पास से 19 पाव देषी प्लेन मदिरा, सौखीलाल केवट पिता रामकृपाल केवट 49 वर्ष निवासी ग्राम पनिहाई से 18 पाव देशी प्लेन मदिरा, दीपू सिंह ठाकुर पिता लल्लू सिंह गोड़ 27 वर्ष निवासी ग्राम पड़रेही से 22 पाव एवं संतोष जायसवाल पिता गुलाबदास जायसवाल 54 वर्ष निवासी ग्राम धनवाही के पास से 18 पाव देषी प्लेन मदिरा जब्त की गई है।

### गर्ल्स कॉलेज की टीम ने किया विद्यालयों का भ्रमण

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसारसत्र 2026–27 हेतु संचालित "कॉलेज चलो अभियान" के प्रथम चरण में शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की टीम द्वारा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध एवं निवार का भ्रमण किया गया। यह अभियान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान दल का नेतृत्व प्रवेश नोडल अधिकारी के. जे. सिन्हा ने किया। दल में डॉ. मदन सिंह मरावी, इमरान मोहम्मद, भीम बर्मन एवं प्रेमलाल कांवरे शामिल रहे। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को ई-प्रवेश पोर्टल, आवश्यक दस्तावेजों तथा महाविद्यालय में संचालित कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं गृह विज्ञान संकायों के पाठ्यक्रमों से अवगत कराया गया। साथ ही एन.एस.एस., एन.सी.सी., पुस्तकालय, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं खेल सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।

### स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र का मामला, जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान

# जानलेवा अनदेखी: खुली पड़ी मार्बल खदानों में सुरक्षा को लेकर नहीं किये गये हैं कोई इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद में बड़ी संख्या मार्बल कारोबार फैला हुआ है जिस कारण स्लीमनाबाद को मार्बल सिटी के नाम से दूसरे राज्यो में जाने जाना लगा। मार्बल कारोबारियों ने तहसील क्षेत्र मे जगह जगह मार्बल का कारोबार करने उद्योग स्थापित किये। कुछ सालों तक तो अच्छे स्तर पर मार्बल का कारोबार चला लेकिन धीरे धीरे धरती से मार्बल की घटती मात्रा से कारोबार घटता गया जिस कारण वर्तमान स्थिति मे तहसील क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर मार्बल कारोबार ठप्प हो गया। मौजूदा समय में दो-चार कम्पनियों द्वारा ही मार्बल का कारोबार किया जा रहा है।

मार्बल कारोबार ठप्प होने के बाद क्षेत्र मे बड़ी संख्या मे खुली खदाने पड़ी हुई है जिनमें सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किये गये हैं जो हादसों को न्यौता दे रही है। व्यवसायियों द्वारा जिस नियम मानकों के तहत मार्बल कार्य की स्वीकृति खनिज व पर्यावरण विभाग से ली थी।उसके विपरीत अत्यधिक गहराई मैं मार्बल पत्थर भूमिगत निकालने खुदाई कर डाली जो हादसों को न्यौता दे रही है।



### जंगली जानवरों की हो चुकी है मौत

पूर्व में इन खुली पड़ी खदानों में हादसे हो चुके है। वन्य प्राणी,जंगली जानवर इन खदानों में गिरकर अपनी जान गवां चुके है। खासकर गर्मी के समय प्यास की आहट में जल स्त्रोतों की खोज में आकर वन्य प्राणी इन गहरी खदानों में गिरकर मौत के मुंह मे समा गए है। लगातर घटित हुई घटनाओं के बाद खुली पड़ी खदानों के संरक्षण को लेकर छपरा के ग्रामवासियों के द्वारा आंदोलन कर मांग की गई ।तब प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया कि खुली पड़ी खदानों के समतलीकरण करने व उक्त स्थल पर तार पेसिंग कर घटित होने वाली घटनाओं पर रोक लगाई जाएगी लेकिन आज तक न ही जिम्मेदार अधिकारी इन विषयों पर काम किये न ही खदानों के मालिक।यही हाल वर्तमान मे जो मार्बल खदानें चल रही है उनपर भी मानकों के विपरीत भूमि का दोहन कर बड़े स्तर पर गहरी खदानें खोदी जा रही है। हाल ही मैं कई मार्बल खदानों पर कार्य के दौरान श्रमिकों के गिरने से श्रमिको की मौत भी हुई है।उसके वाबजूद भी जिला प्रशासन के अधिकारी ध्यान नही दे रहे है। वर्तमान में सैकड़ों फीट तक गहरी खदानें है।

### कलेक्टर ने दिया था आश्वासन

इस संबंध मे ग्राम पंचायत छपरा सरपंच सुषमा गुप्ता का कहना था कि गत मार्च माह में जब कलेक्टर ग्राम पंचायत के दौरे पर आए थे तब ज्ञापन पत्र सौप खुली पड़ी खदानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की गई थी।कलेक्टर के द्वारा आश्वासन दिया गया था लेकिन अब तक खुली पड़ी खदानों को लेकर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के छपरा में बड़ी संख्या मे खुली पड़ी मार्बल खदाने जिनसे हादसों का डर बना रहता है। इस संबंध मे जानकारी प्राप्त हुई है।ऐसे खुली पड़ी खदानों का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई जाएगी साथ ही खुली पड़ी खदानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करवाने के लिए कार्य किया जाएगा ताकि घटनाएं घटित न हो।



## नदी किनारे मिली लाश, हाथ पैर बंधे थे, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरा स्थित गुडेहा महानदी घाट किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक के हाथ और पैर बंधे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घाट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और जांच टीम को सख्त निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार शव को नदी से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की गई है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।प्रारंभिक जांच में संकेत मिल रहे हैं कि अज्ञात हमलावरों ने पहले व्यक्ति के हाथ-पैर बांधे फिर बेरहमी से हत्या कर शव को महानदी में फेंक दिया। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की पड़ताल कर रही है, साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि मृतक स्थानीय है या किसी अन्य क्षेत्र से लाया गया। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाया गया काम्बिग गश्त अभियान

## एक सैकड़ा से अधिक वारंटियों को पकड़ा नशे में वाहन चलाने पर 14 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, वारंटियों की गिरफ्तारी तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीओपी) के मार्गदर्शन में विशेष कांबिंग गश्त अभियान संचालित किया गया।

गश्त के दौरान विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी कुल 23 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में जारी 82



गिरफ्तारी वारंटियों की तामील कर गिरफ्तारी की गई। अपराधियों के घर जाकर कुल 36 गुंडा चेक किए गए। अचानक दबिश देकर 36 निगरानी बदमाशों के घर जाकर चेकिंग की गई।

काम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब परिवहन/विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 30 आबकारी प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए।

गश्त के दौरान 59 जमानती वारंट तामील किए गए। 61 समंस की तामील की गई।

रात्रिकालीन वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 14 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 185 एम.वी. एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की गई। जुआ खेलते पाए जाने पर 06 प्रकरण दर्ज किए गए।

परिशांति भंग करने पर 15 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। परिशांति बनाए रखने हेतु 176 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। परिशांति कायम रखने हेतु 26 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

पुलिस का कहना है कि इस प्रकार के सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## जिला समन्वयक ने संपर्क कक्षाओं का किया निरीक्षण



जनअभियान परिषद द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रीठी अध्ययन केंद्र में प्रत्येक रविवार को समाजकार्य में स्नातक( बीएसडब्ल्यूक) व स्नातकोत्तर (एमएसडब्ल्यूक )पाठ्यक्रमसंचालित किया जाता हैं। इसके प्रथम सत्र में सामूहिक परिचर्चा के साथ प्रेरणादायी कहानी व क्षेत्रीय भ्रमण के साथ असाइनमेंट निर्माण पर चर्चा की गई। साथ ही सभी छात्रों का सेक्टर चयन व प्रोफाइल अपडेट कराई गई। इसके पश्चात सभी परामर्शदाता द्वारा विधिवत कक्षाओं का संचालन पाठ्यक्रमवार किया गया। रविवार को संचालित कक्षाओं का निरीक्षण परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केसवाल के द्वारा किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं से कक्षा संचालन और सेक्टर स्तर पर प्रयोगशाला ग्राम में कई जा रही गतिविधियों पर जानकारी ली। इसके साथ जल संचय अभियान में बोरी बंधान आदि पर कार्ययोजना तैयार कर सहभागिता करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये। जिले में जल संचय अभियान के अंतर्गत नदियों व नाले पर बोरी बंधान करते हुए बहते जल को रोकने की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इससे जल संचय को बढ़ावा मिलेगा और भू-जल स्तर सुधारने में मदद मिलेगी।

## दो स्थानों में चल रहे जुआफड़ में पुलिस ने दी दबिश, 12 जुआरियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली पुलिस ने रेल्वे कालोनी हनुमान मंदिर के पास जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में चिन्ना उर्फ आनंनद पिता नन्दू निषाद 25 वर्ष निवासी बेंकट वार्ड खिरहनी फाटक, प्रथ्वी चौधरी पिता दुर्गा प्रसाद चौधरी 20 वर्ष निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक 3. सरद वर्मन पिता संजू वर्मन 23 साल निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक 4. राहुल दाहिया पिता अशोक दाहिया 23 वर्ष निवासी गुप्ता



कालोनी सावरकर वार्ड शामिल हैं। जुआरियों के पास से 130/- रूपये एवं फड़ से 60/- रूपये कुल जुमला रकम 190 रूपए एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किये गये हैं।

इसी तरह बाकल पुलिस ने ग्राम गौरहा हार में चल रहे जुआफड़ में दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार जगत सिंह ठाकुर पिता गनपत सिंह ठाकुर 35 लिंग निवासी कुम्हरवारा 2. शिवचरण यादव पिता रामनाथ यादव 52 निवासी कूडा 3. वीर विक्रम सिंह लोधी पिता कौशल सिंह लोधी 33 निवासी मसंधा 4. पूरन सिंह ठाकुर पिता महाराज सिंह 22 निवासी टिकरिया 5. प्रकाश पाण्डेय पिता राममिलन पाण्डेय 33 निवासी रक्सेहा 6. मनीष कुमार गर्ग पिता रोहणी प्रसाद गर्ग 35 निवासी कुम्हरवारा 7. गुड्डा चौधरी पिता हल्लू चौधरी 46 निवासी मंगेला 8. चन्द्रभान ठाकुर पिता मुन्ना सिंह ठाकुर 30 निवासी पटीकला को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। सभी के पास से 2600 रूपए एवं फड़ से 4600 रूपये कुल जुमला 7200 रूपये जब्त किया गया।

### किसानों को 36 करोड़ से अधिक का किया गया भुगतान

## जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 91 हजार 807 मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में रविवार 14 दिसंबर तक कुल 10 हजार 200 कृषकों से अब तक 91 हजार 807 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 45 हजार 969 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 42 हजार 880 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 36.63 रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

### उपार्जन में बहोरीबंद अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य



पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 1960 किसानों से 18 हजार 435 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 2180 किसानों से 15 हजार 796 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 1644 किसानों से 14 हजार 196 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 1171 कृषकों से 10 हजार 484 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। रीठी तहसील में अब तक की स्थिति में 984 किसानों से 10 हजार 1 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 758 किसानों से 8 हजार 151 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 751 किसानों से 7 हजार 501 मीट्रिक टन धान तथा कटनी ग्रामीण एवं नगर तहसील में 752 किसानों से 7 हजार 244 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से हुआ पारिवारिक राजीनामा

## पत्नी को नहीं मिल रही थी सहायता, तीन लाख रूपए नकद दिये गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों सहित अन्य विभागों में शनिवार 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत आपसी समझौते से कुटुम्ब न्यायालय कटनी में पारिवारिक राजीनामा किया गया।

कुटुम्ब न्यायालय कटनी में आवेदिका ने अपने पति से अलग रहकर भरण पोषण के लिए परिवार न्यायालय, कटनी में धारा 125 दंप्रसं के अंतर्गत प्रकरण दायर किया था, क्योंकि पति द्वारा लंबे समय से कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जा रही थी। आर्थिक रूप से कमजोर होने के



कारण आवेदिका स्वयं एवं अपने भरण पोषण का प्रबंध करने में असमर्थ थी, अतः न्यायालय की शरण लेना उसकी मजबूरी बन गई। न्यायालय एवं कानूनी सहायता की भूमिका कार्यवाही के दौरान न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को परामर्श एवं समझाइश दी गई, जिससे प्रतिवादी पति को अपनी वैधानिक जिम्मेदारी का बोध कराया गया। न्यायालय और कानूनी सेवाओं की सक्रिय पहल से विवाद को लम्बी मुकदमेबाज़ी की दिशा में बढ़ने के बजाय आपसी सहमति से सुलह की ओर मोड़ा गया।

### अप्रिय व्यवहार नहीं करेंगे

लोक आदलत की कार्यवाही के दौरान विस्तृत तरीके से उभयपक्ष के मध्य मैत्रीभाव व सामंजस्य कराया गया। उभयपक्ष आपसी सभी मतभेदों को भुलाकर सुखपूर्वक एक साथ दांपत्य जीवन निर्वहन के लिये तैयार होकर, एक-दूसरे को यह आश्वासन दिलाया है कि भविष्य में वे एक-दूसरे के प्रति किसी प्रकार का अप्रिय व्यवहार नहीं करेंगे और आपस में सामंजस्य बनाकर एक साथ सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करेंगे। इस प्रकार समझाईश पश्चात उभयपक्ष एक साथ निवास करने को तत्पर हो गये तथा इस याचिका को राजीनामा के आधार पर समाप्त करा लिया है।

### समझौते की कार्यवाही

इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से कुटुम्ब न्यायालय कटनी में पारिवारिक राजीनामा किया गया। आवेदिका पूजा गौतम के द्वारा सन 2016 में पति विनय गौतम के विरुद्ध घरेलू हिंसा का आवेदन प्रस्तुत किया गया था एवं2024 में पति के विरुद्ध भरण-पोषण का आवेदन प्रस्तुत किया गया। एक अन्य मामला सन 2024 में भरण-पोषण की राशि बढ़ाए जाने के संबंध में पेश किया गया था। इन तीनों मामलों में उभयपक्ष के मध्य न्यायालय द्वारा समझौते की कार्यवाही की गई। दोनों उभयपक्षों को सुना गया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में आवेदिका एवं अनावेदक के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। उभयपक्ष के अधिवक्ता एवं न्यायालय के द्वारा अथक परिश्रम के बाद उभयपक्ष के मध्य सहमति बनी और उभयपक्ष समझौते के लिए आगे बढ़े। सम्पूर्ण तुष्टि में आवेदिका को अनावेदक की ओर से तीन लाख रुपये नगद प्रदान किए गए।

## अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने उडिया मोहल्ला थाना एनकेजे कटनी निवासी जितेन्द्र वंशकार पिता छोटेलाल वंशकार उम्र 25 वर्ष के विरुद्ध मध्यदप्रदेश राज्यत सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### आदत में नहीं कोई सुधार

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्ते प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जितेन्द्र के विरूद्ध वर्ष 2019 से अब तक कुल 3 प्रकरण थाना एनकेजे में पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना और हत्या के प्रयास जैसे अपराध शामिल हैं। पुलिस द्वारा जितेन्द्र के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

जितेन्द्र वंशकार द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### अवैध पैकारिया बंद कराने उप थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** तहसील अंतर्गत भाजपा खितौली के मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी ने खितौली उप थाना प्रभारी को एक शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा है खितौली संचालित शराब दुकान के ठेकेदार द्वारा एक ही लाइसेंस से दो जगह पर शराब की बिक्री की जाती है एवं शराब की अवैध पैकारी गांव-गांव की जाती है जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी को भी शराब की लत लग रही है जिससे हमारे युवा वर्ग भी इस जहरीली शराब से प्रताड़ित होकर आए दिन किसी न किसी विवाद का कारण शराब बन रही है ठेकेदार एवं कर्मचारियों द्वारा कोई भी रेट सूची दुकान पर चश्मा नहीं की गई मनमानी ढंग से पैसा लिया जाता है एवं समय का भी ध्यान नहीं रखा जाता है खितौली मंडल के लगभग 20 गांव में भ्रमण के दौरान मैंने पाया कि हर गांव में देसी एवं अंग्रेजी शराब आसानी से मिल रही है अति शीघ्र इसे बंद करने एवं रेट सूची लगाने मांग की है। मंडल अध्यक्ष ने कलेक्टर एवं एसपी का भी ध्यान आकृष्ट कराया है।

### कटनी होकर नागपुर–प्रयागराज के बीच स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**कटनी।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए नागपुर–प्रयागराज के बीच जबलपुर, कटनी और सतना होकर एकतरफा स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ट्रेन क्रमांक 01219 नागपुर–प्रयागराज तीन एकतरफा ट्रिप में 14, 16 और 20 दिसंबर को नागपुर से शाम 5 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 11:35 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।इसके अलावा ट्रेन क्रमांक 01215 नागपुर–प्रयागराज का एक एकतरफा ट्रिप 18 दिसंबर को संचालित होगा, जो समान समय पर प्रयागराज पहुंचेगा। इन ट्रेनों में कुल 20 कोच रहेंगे, जिनमें 2 स्लीपर, 16 जनरल तथा 2 गार्ड-कम-लगेज ब्रेक वैन शामिल हैं। दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना और मानिकपुर स्टेशनों पर रहेगा। रेलवे के अनुसार इन ट्रेनों के लिए आरक्षण 13 दिसंबर से सभी यात्री आरक्षण केंद्रों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सिहोरा को जिला बनाने दिया गया समर्थन

**सिलौंडी।** सिलौंडी के सभी वर्ग किसान ,व्यापारी ,युवा ,बुजुर्ग ने खुलकर सिहोरा जिला बनाने का समर्थन दिया है ।सिहोरा जिला बनाने से ही सिलौंडी के विकास के दरवाजे खुलगे। लोगों ने बताया कटनी से लगभग 90 किलोमीटर दूर होने के कारण सिलौंडी का विकास नहीं हो पा रहा है। सालों से सिलौंडी बस स्टैंड में प्रसाधन , मुख्य मार्ग चौकी करण, गौ शाला , आधार कार्ड पंजीयन केंद्र, सिलौंडी पुलिस चौकी का उपनयन कर थाना की स्थापना , सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग , सिलौंडी की गलियों का सीसी रोड की मांग हो रही है उच्च अधिकारी कई महीनो तक निरीक्षण में नही आ पाते है ।

### डॉ शिवकांत अग्निहोत्री का 93 वर्ष में निधन

**कटनी।** डॉ शिवकांत अग्निहोत्री का 93 वर्ष में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलने से शोक व्याप्त हो गया। उनके अंतिम संस्कार में हर वर्ग के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ शिवकांत अग्निहोत्री शिक्षा विभाग में प्राचार्य पद पर सेवाएं दी। शिक्षा के साथ साथ होम्योपैथी चिकित्सा में भी बड़ा योगदान रहा। उन्होंने जन सेवा के रूप में चिकित्सा की एवं गरीबों को निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराईं। 11 दिसंबर को डॉ शिवकांत अग्निहोत्री ने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोगों ने उनकी आत्मा को सद्गति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।



---

लंबे समय से मिल रही शिकायतों पर आरपीएफ, जीआरपी एवं पुलिस ने की कार्रवाई

# संयुक्त टीम ने कबाड़ दुकान में दी दबिश बड़ी मात्रा में चोरी का लोहा एवं ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





मंगलनगर क्षेत्र स्थित एक कबाड़ी के गोदाम पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ, रेलवे जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। कार्यवाही के दौरान रेलवे का चोरी का लोहा ले जाते एक ट्रक सहित अत्यधिक मात्रा में लोहा जब्त किया गया। आरपीएफ एनकेजे को लंबे समय से रेलवे क्षेत्र से लोहा चोरी होने तथा उसे कबाड़ियों के माध्यम से खपाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। मुखबिर से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर आरपीएफ, जीआरपी एवं रंगनाथनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलनगर की प्यासी गली स्थित कबाड़ी आकिब खान के गोदाम पर दबिश दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

छापेमारी के दौरान गोदाम से बड़ी मात्रा में रेलवे का चोरी का लोहा बरामद किया गया, जिसे अन्य कबाड़ के सामान के बीच छिपाकर रखा गया था। साथ ही रेलवे का लोहा परिवहन में प्रयुक्त किया जा रहा एक ट्रक भी जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में बरामद सामग्री सीएनडब्लू, डीजल शेड सहित रेलवे के विभिन्न विभागों की संपत्ति होना पाई गई है।

आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार आरोपी आकिब खान लंबे समय से रेलवे परिसर से चोरी होने वाले लोहे को खरीदकर उसे गलाने या बाजार में खपाने का कार्य कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी का संबंध शहर में निर्माणाधीन ग्रेड सेपरेटर परियोजना से लोहा चोरी के मामलों से भी रहा है।

कार्रवाई के दौरान गोदाम से एलएंडटी कंपनी का चोरी हुआ लोहा भी बरामद किया गया जो निर्माण कार्य में उपयोग के लिए रखा गया था। इससे रेलवे के साथ-साथ निजी कंपनियों को भी आर्थिक नुकसान पहुंचने की पुष्टि हुई है।

आरपीएफ एनकेजे निरीक्षक महेशचंद्र मीना ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है, जिसमें रेलवे का लोहा चोरी करने वाले अन्य आरोपियों और नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है। इस कार्रवाई के बाद रंगनाथनगर थाना क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे इस अवैध कबाड़ कारोबार पर स्थानीय पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं, जिसकी जांच अलग से की जा सकती है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेलवे संपत्ति की चोरी और उसके अवैध व्यापार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह की संयुक्त कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

---



## 6 करोड़ से बनेगी दो पक्की सड़के, निर्माण हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

78 वर्षो तक कच्चे सड़क मार्ग से आवागमन का दंश झेल रहे बहोरीबंद विकासखंड के रामपुर निमास से जुजावल ओर राखी से धनवाही ग्राम के बाशिंदों को अब पक्के मार्ग की सुविधा मिलेगी जिससे आवागमन में सहूलियत होगी। ग्राम रामपुर निमास से जुजावल तक 4 किलो मीटर की दूरी का मार्ग निर्माण 3 करोड़ 17 लाख रूपये ओर राखी से धनवाही तक 4 किलोमीटर मार्ग का निर्माण 3 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत राशि से बनने वाले मार्ग का शुभारंभ शनिवार को विधायक प्रणय पांडेय ने किया। इस दौरान गांव के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 78 वर्षो से कच्चे मार्ग से आवागमन करना मजबूरी बना हुआ था।जिस कारण वर्षा काल के समय आवागमन मैं सबसे अधिक परेशानी होती थी।इस समस्या को लेकर विधायक से मांग की गई विधायक ने संज्ञान में लेते हुए पक्के मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई।

विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विकासखण्ड के ऐसे मार्ग जो कच्चे है आवागमन मैं परेशानियों का सामना राहगीरों को करना पड़ता है।उन कच्चे मार्गो को पक्के मार्ग मैं परिवर्तन करने का क्रम जारी है।उक्त दोनों मार्गो का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा।उक्त दोनों ही मार्गो का भूमिपूजन पूर्व में मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल कर दिया गया था!इसके अलावा ग्राम पंचायत जुजावल में 25 लाख रूपये की लागत राशि से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी विधायक के द्वारा किया गया।इस दौरान सरपंच विनीता वीरू नायक, रामकृपाल हल्दकार, आकाश नायक, कमलेश नायक मौजूद रहे।

---

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का दूसरा चरण 17 से होगा प्रारंभ

## पशुओं की नस्ल में सुधार, पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए किया जा रहा नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार पशु पालकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मप्र में सतत नवाचार किये जा रहे हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग को जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसंबर से शुरू करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अभियान के तहत जिले में दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने हेतु पशुपालकों से गृह भेंट कर उनको तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक करने के निर्देश पशुपालन विभाग को दिये हैं।

जिले में यह सम्पूर्ण अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 2 अक्टूबर 2025 से 9 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी गांवों में सफलता पूर्वक संचालित किया गया था। जबकि अभियान का द्वितीय चरण समस्त राज्य में 17 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें 5 से 9 गौवंशीय तथा भैंस वंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों से ग्रामों में जाकर सम्पर्क किया जाएगा। इस अभियान की अवधि न्यूनतम 7 दिवस एवं अधिकतम 15 दिवस रखी गई है। अभियान को निर्धारित समयसीमा में ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाएगा।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विकासखण्ड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही अभियान में संलग्न प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण पद्धति द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

अभियान में उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी के माध्यम से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, गौसेवक, पशु सखी एवं अन्य का तिथीवार, ग्रामवार रूट चार्ट तैयार किया जाएगा, जिसमें संलग्न समस्त विभागीय अमले को व्यावहारिक दैनिक लक्ष्य प्रदान करते हुए इसकी जानकारी शासन को 12 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से भेजी जायेगी।

#### कंट्रोल रूम होगा स्थापित

अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु जिले स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा, जिसका मुख्य दायित्व सम्पूर्ण अभियान के दौरान मैदानी अमले को आने वाली समस्याओं को त्वरित निराकरण करना है, तथा जिले में हो रहे नवाचार की जानकारी संकलित कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजना है। अभियान के प्रथम चरण में कुछ उदाहरणीय पशुपालकों को जिला स्तर पर चयनित किया गया है, पशुपालन विभाग को इस चरण में इन पशुपालकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

---

## बोरी बंधान कर जल संरक्षण करने दिलाई शपथ



जन अभियान परिषद् ढीमरखेड़ा के खमतरा सेक्टर अंतर्गत मझगवां ग्राम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक भ्रमण एवं जल संचय अभियान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र–छात्राओं ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ ढमढमा नाला में संयुक्त रूप से श्रमदान कर बोरी बंधान किया। करीब 200 बोरियों का उपयोग कर नाले के बहते जल को रोकने तथा जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत चौपाल बैठक से हुई, जिसमें विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने जल संचय अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों को असाइनमेंट, शैक्षणिक क्षेत्रीय भ्रमण और अध्ययन संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। परामर्शदाता मुकेश सिंह वरकड़े ने जल संरक्षण को लेकर उपस्थितजनों को जागरूक किया। जल संचय के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए उपस्थित जनों को शपथ दिलाई। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण की रूपरेखा भी साझा की गई। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी के छात्र विनीत सिंह, बसंत सिंह, प्रीतम सिंह, सुरेश सिंह, सचिन सिंह, मनोज सिंह, सविता सिंह, भारती सिंह सहित स्थानीय ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

---

## 20 लाख से बनेगा बारात घर, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 13 छिदिया टोला में CM मॉनिट योजना के अंतर्गत 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त बारात घर का भूमि पूजन नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा विधिवत रूप से संपन्न हुआ यह निर्माण कार्य विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की मंशा एवं मार्गदर्शन तथा नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल के सतत प्रयासों का प्रतिफल है।

इस बारात घर के निर्माण से वार्ड वासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे आम जनता को बड़ी सुविधा मिलेगी नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर के चौमुखी विकास के संकल्प के तहत इसी क्रम में छिदिया टोला एवं हरतला दोनों क्षेत्रों में बारात घरों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि नगर का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता न रहेउन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र के यशस्वी विधायक संजय सत्येंद्र पाठक जी द्वारा समय-समय पर नगर विकास के लिए उचित मार्गदर्शन मिलता रहता है और उनके निर्देशों के अनुरूप ही नगर परिषद द्वारा योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर के सर्वांगीण विकास हेतु परिषद पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

भूमि पूजन में नगर परिषद के उपाध्यक्ष मोहन सिंह गोड, वरिष्ठ पार्षद हीरालाल महतेल, झल्ला बर्मन, निर्माण प्रभारी इकबाल निजाम पवार, इंजीनियर मैडम श्रीमती अपेक्षा वर्मा, अजय तिवारी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिकों एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---

बहोरीबंद ब्लाक में 26 केन्द्रों में की जा रही धान की खरीदी

## बहोरीबंद विकासखंड में 2711 किसानों से 25 हजार मीट्रिक टन हुई धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जारी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बहोरीबंद विकासखंड में 26 खरीदी केंद्र बनाये गये है जिसमें बहोरीबंद तहसील में 18 तों स्लीमनाबाद तहसील में 8 खरीदी केंद्र बनाये गये है। कुछ खरीदी केंद्रों में खरीदी की गति तेज है तों कुछ केंद्रों में मंथर गति चल रही है।

बहोरीबंद विकासखंड मै अब तक 2711 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज विक्रय कर दी है। 2711 किसानों से 25 हजार 936 मिट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। वही 17 हजार 246 मिट्रिक टन उपज का परिवहन भी हो चुका है, साथ ही 8690 मिट्रिक टन का परिवहन होना शेष है।

सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने बताया कि कुछ खरीदी केंद्रों में विलंब से खरीदी कार्य शुरू हुआ। 12 दिसम्बर तक सिकमी नाम वाले रजिस्ट्रेशन पर खरीदी का कार्य बंद कर दिया गया था। सोमवार से सिकमी नाम वाले रजिस्ट्रेशन पर उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिसके बाद अब खरीदी में गति आयेगी। अब तक खरीदी केंद्र खमतरा में 930 क्विंटल, हथियागढ़ 1183 क्विंटल, बहोरीबंद 1214 क्विंटल, पथराड़ी पिपरिया 1112 किवंटल, कूड़न 741 क्विंटल, मवई 933 क्विंटल, बाकल 756 क्विंटल, सिहुडी 664 क्विंटल, इमलिया 671 क्विंटल, कूड़ा 706 क्विंटल, मसन्धा 566 क्विंटल, चांदनखेड़ा 332 क्विंटल, पटोरी 593 क्विंटल, देवरी खरगवा 930 क्विंटल, बरही 619 क्विंटल, कुंआ 1215 क्विंटल की खरीदी हुई है। अब 2339 किसानों ने अपनी उपज बेची है वहीं दूसरी ओर स्लीमानाबाद तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत धरवारा में 723, पडरभटा 1072, जुजावल 1319, कौड़ियां 644, स्लीमनाबाद 1614 ,धूरी 601,तेवरी 831 एवं भूला खरीदी केन्द्रों 697 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खरीदी केंद्रों मै किसानों को असुविधा न हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी भी निरीक्षण कर रहे है। केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि उपज का अंबार न लगे समय पर उपज का उठाव सुनिश्चित करे।

उपज गुणवत्ता युक्त ही ले।पंखा ,छन्ना व ग्रेडर लगाए। खरीदी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि केंद्रों मे किसानों को कोई परेशानी न हो, सभी आवश्यक सुविधाएं केंद्रों मे उपलब्ध रहे है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला का कहना है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य बहोरीबंद विकासखण्ड के सभी 26 खरीदी केंद्रों में शुरू हो गया। समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल है। केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु खरीदी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

---

खेतों में पराली जलाने से उर्वरता होती थी कम, प्रदूषण भी फैलता था

## सुपर सीडर यंत्र ने अधिक उत्पादन के साथ ही लागत को भी कम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि अभियांत्रिकी विभाग से अनुदान पर स्वीकृत सुपर सीडर यंत्र की सहायता से विकासखंड बड़वार ।के ग्राम विलायत कला के प्रगतिशील किसान हेमन्त सिंह ने न केवल अपनी खेती की लागत को कम किया, बल्कि इस वर्ष उन्हे अधिक उत्पादन और मुनाफे की भी उम्मीद है।

कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपड़ा ने बताया कि किसान हेमन्त सिंह पहले खेतों में खड़ी नरवाई (पराली) को जलाते थे, जिससे ज़मीन की उर्वरता कम होती थी और प्रदूषण भी फैलता था।विभाग द्वारा अनुदान पर प्राप्त, सुपर सीडर यंत्र से कृषक हेमन्त के खेत में बोनी का प्रदर्शन किया गया।

कृषक हेमन्त ने बताया कि परम्परागत तरीक से बोनी में मुझे खेत की तैयारी में दो बार कल्टीवेटर चलाना पड़ता था, और कभी-कभी जरूरत पड़ने पर तीन बार भी चलाना पड़ता था। इस प्रकार एक एकड़ खेत की तैयारी में लगभग 2400 से 3600 रु. खर्चा आता था। इसके बाद बीज को छिड़ककर के उसमें दो बार कल्टीवेटर चलाना पड़ता था ताकि बीज मिट्टी में अच्छे से मिल जाये जिसमें लगभग 2400 रूपये खर्चा आता था।

परंपरागत विधि में बीज की मात्रा भी 60 कि.ग्रा. के लगभग लगती थी जो कि मानदंड से अधिक थी तथा खाद 50 कि.ग्रा. के लगभग लगती थी। इस परम्परागत छिड़का पद्धति से बोनी करने का एक दुष्परिणाम यह भी था कि इसमें खरपतवार भी अधिक उगता था। जिसकी सफाई में 3 से 5 मजदूर आवश्यकता अनुसार एक दिन के लिए एक एकड़ में लगते थे तथा इससे 600 से 1000 रूपये का खर्च अतिरिक्त बढ़ जाता था। इस प्रकार खेत की तैयारी, बीज, खाद, बीज को मिट्टी में मिलाना, खरपतवार की सफाई आदि खर्च जोड़कर 1 एकड़ में पूरी बोनी की लागत खर्च 10से 12हजार रूपयेहोती थी। साथ ही श्रम व समय भी अधिक लगता था।

सुपर सीडर कृषि यंत्र बोनी करने में खेत में जो नरवाई या घास लगी होती है उसे काट कर वह मिट्टी में मिला देता है। जिससे नरवाई सड़कर खादबन जाती है। साथ ही खेत की तैयारी व बोनी भी करता जाता है। अर्थातनरवाई प्रबंधन, खेत की तैयारी, बोनी यह तीनों कार्य एक ही समय में व एक ही बार में करके श्रम, समय व लागत में बचत करता है तथा खेत की तैयारी में यह यंत्र मिट्टी को बारीक व भुरभुरा बना देता है जिससे अधिक से अधिक बीज का अंकुरण होता है व इससे बोनी में बीज की मात्रा भी कम लगती है तथा उत्पादन भी अच्छा होता है। इस विधि से परम्परागत पद्धति की तुलना में लगभग 25 से 30 प्रतिशत अधिक उत्पादन होता है तथा खरपतवार को भी नियंत्रितकरता है। चूंकि इस विधि में नरबाई को काटकर मिट्टी में मिलाने पर वह खाद बन जाती है जिससे बोनी के समय खाद भी कम लगती है। जो कि परम्परागत तरीके से डाले जाने वाली खाद की मात्रा से 30 से 40 प्रतिशत कम लगती है अर्थात 30 कि.ग्रा. प्रति एकड़ लगती है। इस यंत्र की वजह से एक एकड़ में बोनी का खर्च बीज, खाद, टेक्टर, यंत्र करे मिलाकर लगभग 5,500 रू. आता है। जो कि परम्परागत तरीके से बोनी के खर्च से लगभग आधा है। वहीं दूसरी ओर उत्पादन पूर्व विधि से 25 से 30 प्रतिशत अधिक अर्थात प्रत्येक एकड़ में 5 से 6 क्विंटल अधिक उत्पादन होता है। जिसकी कीमत (5 से 6 क्विंटल बीज की) 8 हजार से 9 हजार रुपये के लगभग होती है। इस यंत्र के उपयोग से लागत में कमी व उत्पादन मे फायदा दोनों को मिलाकर लगभग 13 हजार से 14 हजार रूपये प्रति एकड़ की बचत होती है।

कृषक हेमन्त सिंह ने यह भी बताया कि उन्होनें 27 एकड़ उनकी खुद की भूमि में सुपर सीडर यंत्र से बोनी करके परम्परागत बोनी की तुलना में 13 हजार से 14 हजार रूपये प्रतिएकड़ के लाभ से इस रबी सीजन में उन्हें 27 एकड़ में पूर्व वर्षों की तुलना में लगभग 3 लाख 50 हजार से 3 लाख 75 हजार रूपये की अतिरिक्त बचत होगी।

---



## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

सिविल अस्पताल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वर्गीय कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र पाठक की स्मृति में कटनी के हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषि जैन के द्वारा किया गया। शिविर में बरही तहसील क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दूर से आए लोगों ने जांच कराई। हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषि जैन के द्वारा बताया गया कि इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है और ठंडी से लोगों को हड्डी व जोड़ो और नसों में ज्यादा तकलीफ होती है ऐसे में निःशुल्क शिवरों के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क जांच और दवाइयां उपलब्ध करवाया जाए। यही सोच कर सत्येंद्र पाठक की स्मृति में बरही के सिविल अस्पताल में हमारे द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से क्षेत्र से आए सैकड़ो मरीजों का पंजीयन कर जांच कर परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। 342 लोगों का पंजीयन हुआ और 336 की जांच की गई। सभी लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में सड़क पर पड़े व्यक्ति को कार ने रौंदा, मौके पर मौत

**अमानगंज।** गहदरा ग्राम में दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पूरन पिता भोला गोंड (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक शराब के नशे में सड़क पर पड़ा हुआ था, तभी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। यह घटना शनिवार की रात 8 बजे की बताई जा रही है वहीं रविवार को दोपहर 11 से 12 के बीच मृतक का पोस्टमार्टम हुआ पुलिस द्वारा वाहन चालक की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि केनदूबेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्र के गांवों में विस्थापन के एवज में मुआवजा मिलने के बाद कुछ नवयुवक एवं अधेड़ शराब के नशे में अक्सर चूर रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी लापरवाही और नशे की आदत के चलते इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### श्री मढ़ेश्वर धाम में चल रही 108 दिवसीय अखंड रामधुन संकीर्तन महायज्ञ

**अमानगंज।** पन्ना जिले के गुनौर नगर के समीप स्थित प्राचीन मंदिर श्री मढ़ेश्वर धाम में चल रही 108 दिवसीय अखंड सीताराम संकीर्तन रामधुन निरंतर 1 नवम्बर से एकादशी से प्रारंभ हुई यह धार्मिक कार्यक्रम में धार्मिक आस्था का संगम देखने को मिल रहा है रामधुन कार्यक्रम में दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है यह धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग रहा है मैदानी संवाददाता अनुज कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रामधुन कार्यक्रम 45 दिनों से निरंतर चल रहा है प्रतिदिन अलग अलग गांव से मढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर रामधुन का आनंद लेने के लिए लोग आ रहे है जन और विश्व कल्याण की कामना को लेकर हजारों श्रद्धालु महादेव की आस्था में भाव विभोर दिख रहे है कार्यक्रम का समापन शिवरात्रि 15 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा ।

### किसान ग्रामीण परेशान, तेंदुआ कर रहा मवेशियों पर हमला, नीलगाय खेतों में लगी गेहूं की फसल खा रही

# झलोन रेंज की बीटों में शाकाहारी मांसाहारी जानवरों ने डाला डेरा, ग्रामवासियों में दहशत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा**





जंगली जानवर तेंदूखेड़ा ब्लाक की ओर रुझान कर रहे है बीते एक सप्ताह से दमोह जिले की सामान्य वन मंडल की झलोन रेंज के अधीन अपना डेरा जमाये हुऐ है। ग्रामीणों के अंदर दहशत बनी है क्योंकि तेंदुआ एक मांसाहारी जानवर है वन आमला तेंदुआ की निगरानी में लगा ही था कि शुक्रवार को वीरांगना टाइगर रिजर्व से दो तीन छोटे छोटे हिरन के बच्चे देखे गये ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन आमले को दी। मौके पर पहुंचे वन आमले ने काफी मस्कत के बाद उनको पकड़ा ओर सुरक्षित जंगल ले जाकर छोड़ा। इसी तरह नीलगाय भी अब किसानों को परेशान करने लगी हैं।

#### ग्रामीणों में बना तेंदुआ का भय

पटनयाऊ झलोन से सात से आठ किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग से लगभग दो किलोमीटर अंदर बसा ग्राम हैं इस ग्राम से लगे जंगल में तेंदुआ एक सप्ताह से डेरा जमाये बैठा है। एक गाय पर हमला करके उसका शिकार किया हैं उसके बाद से ग्राम के लोगों में और ज्यादा भय बन गया है । कैलाश सेन पटनयाऊ निवासी ने बताया कि तेंदुआ शनिवार के दिन भी ब्यारमा नदी के समीप देखने को मिला है। ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है । अब आलम यह है कि ग्राम का कोई भी व्यक्ति अकेले आवागमन नहीं करता हमारा गांव मुख्य मार्ग से दो किलोमीटर अंदर है। यह दूरी तय करने के बाद मुख्य मार्ग मिलता है और कभी कभी तेंदुआ उसी मुख्य मार्ग के आजू बाजू घूमता रहता है। अजय ठाकुर पटनयाऊ निवासी ने बताया तेंदुआ के भय ग्राम और आसपास के क्षेत्र में बना हुआ है। हम लोगो ने तेंदुआ के डर से रात्रि में खेतों में रहना बंद कर दिया है। रविवार की सुबह फिर मेरे ही खेत में तेंदुआ खड़ा था मुझे गांव के पटेल द्वारा जानकारी दी गई थी। यदि इस तरह जंगली जानवर अपना रहवास बनाना शुरू करते है तो वन कर्मियों को भी अपने स्थानों पर रुकना चाहिए हम लोग सूचना देते हैं उसके बाद भी स्टॉप नहीं आता ऐसे में किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है उसका जिम्मेदार कौन होगा।

#### फसल खा रही नीलगाय

झलोन रेंज वीरांगना दुर्गावती का कोर एरिया खत्म होने के बाद पहली रेंज पड़ती है ब्यारमा के उसपर कोर एरिया है ब्यारमा के इस पार झलोन रेंज लगती है। सेहरी बीट के ग्राम हरदुआ के किसान भी परेशान हैं। जंगली जानवर मवेशियों का शिकार कर रहे है तो अब गेहूं की फसल को नीलगाय खा रही है। उत्तम यादव ने बताया हमारे खेत में लगी गेहूं की फसल में दर्जनों की संख्या में नीलगाय घुस आते है। और फसलों को खाकर चली जाती है । इन पर किसान बार भी नहीं कर सकता क्योंकि वह वनप्राणी है। दूसरी तरह वन कर्मियों को पूरी जानकारी होने के बाद भी न तो इनपर अंकुश लगा रहे है न हम लोगो को मुआवजे की देने की बात कहते है।

#### वाहन में नहीं है डीजल

सभी रेंजों के साथ झलोन रेंज में भी एक चार पहिया वाहन लगा है किंतु तेंदुआ की सूचना होने के बाद भी स्टॉप मौके पर तत्काल नहीं पहुंच पाया कुछ लोगों ने स्टॉप को सूचना दी तो स्टॉप ने कह दिया कि हमलोग सभी दूर है और जो सरकारी वाहन हैं उसका डीजल खत्म हो गया है इसलिए दो पहिया वाहनों से आने का प्रयास करते है।

#### इनका कहना है

पूरे मामले में झलोन डिप्टी रेंजर शंकर सीग ठाकुर का कहना है। तेंदुआ तीन से चार दिन पहले था रविवार को पुनः सूचना मिली है। मौके पर जाकर देखते है। हरदुआ में नीलगाय फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं है और रही बात हिरन की तो वह काफी बड़े थे और तालाब के समीप खेतों में चर रहे थे । सुरक्षा की दृष्टि से उनको हटवाकर डुकरसत्ता बीट में छुड़वाए गये है।

#### इनका कहना है

पूरे मामले में तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे का कहना है तेंदुआ की जानकारी हैं तो में अभी स्टॉप को भेजता हूं जब उनको बताया कि झलोन के शासकीय वाहन में डीजल ही नहीं है फिर स्टॉप कैसे तत्काल पहुंचेगा तो उन्होंने बताया ऐसा हो नहीं सकता है कि शासकीय वाहन में डीजल न हो मैं अभी बात करता हूं।

## दो वर्ष में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ : प्रभारी मंत्री




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

प्रदेश की सरकार पूरे मध्यप्रदेश को कवर करने की योजना बना रही है, इसी प्रकार से हमारे युवाओं व नौजावानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए एवं रोजगार देने वाले बनाने के लिए सरकार लगातार रोजगार मेले का आयोजन कर रही है, प्रतिवर्ष सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने का और ऋण सहायता उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है। मैं समझता हूं 2 वर्ष में प्रदेश की सरकार ने जो कार्य किये है, उससे प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ है। इस आशय की बात प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार एक निजी होटल में सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपक्ष्य में जिले के पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, नरेन्द्र बजाज, लोकेन्द्र सिंह पटैल (लकी भैया), सतेन्द्र सिंह लोधी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा जितने भी प्रदेश सरकार के टेक्निकल कॉलेज है, उनको उद्योग जगत से जोड़ने का काम किया जा रहा है, ताकि हमारा सिलेबस उद्योग जगत के हिसाब से बन सके और उद्योगों को ट्रेन्ड वर्कफोर्स मिल सके। उन्होने कहा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति रिसर्च को आगे बढ़ाने का काम कर रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा साथी रिसर्च करें।

उन्होने कहा शिवराज सिंह चौहान सरकार की सभी योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है, लाड़ली बहना योजना में प्रत्येक महिला को 1500 रूपये प्रतिमाह प्रदान किये जा रहे है, जिससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण जो रहा है। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा हमारे आध्यात्मिक केंद्र जो बहुत समृद्ध हुआ करते थे उनकी ख्याति सम्पूर्ण विश्व में होती थी, लेकिन इस कालचक्र में उनका विकास अवरूद्ध हो गया था, उनको फिर से स्थापित करने का काम प्रदेश सरकार ने किया है। महाकाल लोक, ओंमकारेश्वर लोक, रामराजा लोक ओरछा इसके उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके साथ ही अनेक प्राचीन विरासतों, धरोहरों के पुर्नउत्थान और संरक्षण का कार्य सरकार कर रही है, जिससें प्रदेश का धार्मिक महत्व बढ़ेगा और पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी होगा।

उन्होने कहा प्रदेश सरकार को निवेश को लेकर प्रस्ताव मिले है, पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में असीम संभावनाएॅ है, उसको लेकर प्रस्ताव मिले है, पन्ना में डायमंड पार्क के लिए प्रस्ताव मिले है, हमारे वन क्षेत्र से जोड़कर स्थानीय युवाओं को किस प्रकार से रोजगार उपलब्ध करा सकते है, इसके भी प्रस्ताव मिले है, बड़े प्रोजेक्ट जो अधोसंरचना, सड़कों को लेकर हमने कैबिनेट में निर्णय किये है।उन्होने कहा मालवा, निमाड़, चंबल, बुंदेलखण्ड, बघेलखण्ड में मेडिकल शिक्षा को लेकर बता देना चाहता हूं जिस प्रदेश में केवल 06 मेडिकल कॉलेज होते थे, आज 19 मेडिकल कॉलेज बन चुके है, चार जिलो में हम पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बना रहे है। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने इस दौरान प्रदेश में हुए चहुमुखी विकास पर जानकारी देते हुए हर वर्ग के कल्याण कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले की 2 वर्ष की उपलब्धियां के बारे में अवगत कराया।

प्रभारी मंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए किए गए प्रयासों, योजना और उपलब्धियों नवाचार, अधोसंरचना विकास तथा सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धियां तथा अन्य कार्यों के बारे में बात रखी। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रेस के प्रतिनिधियों के प्रश्नों के जवाब भी दिये।

## मासिका महाआरती का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की दिशा निर्देशन में मां आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की दिव्या मासिक महाआरती प्रति माह की भांति इस माह भी कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में दोपहर 12 बजे संपन्न की गई। जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एवं सभी धर्म संप्रदाय के लोगों ने भाग लिया एवं अपने जीवन को धन्य बनाया संगठन की विचारधारा को रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा श्री शोभा सिंह राजपूत जी ने कहा कि जब तक हम अपने कर्म अपनी दायित्व अपने कर्तव्यों को समाज के प्रति धर्म के प्रति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नहीं करेंगे तब तक हमें गुरुवर श्री की विचारधारा पर चलकर समाज को नशामुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, छुआछूत जातिवाद मुक्त, धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर मानव कल्याण कार्य करनी होगी तभी हमारा एवं समस्त जीवों का कल्याण होगा। संगठन के संभागीय अध्यक्ष श्री डॉक्टर सुजान सिंह जी ने कहा कि हमारा परम सौभाग्य है की दिनांक 22 दिसंबर को हमारे संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूप बहन पूजा दीदी जी का आगमन होगा जो गुरुवार की विचारधारा से समाज को अवगत कराएंगी एवं जन कल्याणकारी दिशा में हमें निर्देश करेंगे। हमारा परम सौभाग्य है कि हमें केंद्रीय निर्देशन प्राप्त होता रहता है जिससे आज जो समाज में मानव विकृति रूढ़िवादी एवं बुराइयां पनप रही हैं उनका समाधान किया जा सकता है। अंत में सभी ने शक्ति जल एवं प्रसाद ग्रहण किया एवं मां गुरुवर का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी ने जय माता की जय गुरुवर के जयकारे लगें।

## स्वच्छता और जल संरक्षण पर हुआ मंथन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर**

ग्राम विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला दमोह के विकासखंड जबेरा अंतर्गत सेक्टर सिंग्रामपुर के ग्राम कोडा कला में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए, जहां गांव की ज़मीनी जरूरतों और भावी विकास योजनाओं पर खुलकर चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सचेंद्र रजक ने करते हुए सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक गांव का हर नागरिक विकास की प्रक्रिया से नहीं जुड़ेगा, तब तक योजनाएं ज़मीन पर असर नहीं दिखा पाएंगी। बैठक में विशेष रूप से स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान जैसे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि वर्षा जल का संरक्षण कर गांव को जल संकट से बचाया जा सकता है और इसके लिए ग्रामीणों की सहभागिता सबसे अहम है। प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अभय राय ने गांव की वर्तमान संरचनाओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि किन स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा सकता है और किन जगहों पर जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से किए जाने चाहिए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और गांव को स्वच्छ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर सहमति जताई। इस अवसर पर सचिव अमित ठाकुर के साथ राजेश सिंह, बिक्रम साहू, निलेश साहू, कपिल साहू, जगदीश साहू, सौरभ राय, संजय राय, अमन रजक, शुभम राय सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में स्वच्छता एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा, ताकि ग्राम कोडा कला को एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा सके।

## संभागीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 24- 25 दिसम्बर को

**हिण्डोरिया।** खेलकूद की नगरी हिण्डोरिया मे फ्रेन्डस क्लब के तत्वावधान मे स्व. गंगा प्रसाद चौबे स्मृति संभागीय व्हालीबाल प्रतियोगिता आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर 2025 को बगिया के मैदान पर आयोजित की जा रही है। इस सम्बन्ध में प्रतियोगिता के आयोजक सुधांशु चौबे ने बताया कि प्रतियोगिता में सागर संभाग की अनेक नामी गिरामी टीमें भाग लेंगी। विजेता टीमों के खिलाड़ियों एवं टीमों को नगद राशि एवं अनेक आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। सभी भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों के स्वादिष्ट भोजन, आवास, शुध्द पेयजल, उचित किराया एवं सुरक्षा आदि की व्यवस्था भी आयोजकों की ओर से जाएगी। आयोजन समिति के नाथूराम शर्मा, रूपचंद उर्फ निप्पी चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, अक्षय चौबे, दिव्यांग तिवारी, हर्षित रैकवार आदि ने सभी टीमों एवं खेल प्रेमियों से प्रतियोगिता में सहयोग, मार्गदर्शन एवं उपस्थिति की अपील की है।

## चींचा माल के उद्घाटन में उमड़ा जन सैलाब



### घंटों सड़क रही जाम, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

नगर में खचना नाका अग्रसेन नगर के पास पटेल बिग बाजार मॉल का शुभारंभ समारोह आयोजित था लेकिन उद्घाटन के पूर्व सड़क पर हजारों की तादाद में युवकों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे दोनों तरफ सैकड़ो वाहनों की कतार लग जाने से घंटों सड़क जाम लगा रहा जहां थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर मोर्चा संभाला तब कहीं जाकर भीड़ पर काबू पाया गया। दरअसल अग्रसेन नगर में चीचा पटेल बिग बाजार माल का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। लेकिन ज्यादा भीड़ हो जाने के कारण बाहर से होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर मार्केट के अंदर से किया गया । मॉल के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक उपस्थित रहीं वहीं कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल, टीआई सुधीर बेगी, युवा नेता लकी पटेल, जनपद सदस्य कनई पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। माल के संचालक खेमराज पटेल ने बताया कि शुभारंभ से ही ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण के तहत खरीदी पर लकी ड्रॉ कूपन की सुविधा रखी गई है, जिसमें विजेताओं को स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित अनेक आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे जो मॉल में निरंतर जारी रहेगी, जिससे ग्राहकों को हमेशा लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से आग्रह किया की वह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और बेहतर सुविधाओं के लिए पटेल बिग बाजार में अवश्य खरीदारी करें। मॉल के शुभारंभ से हटा नगर और आसपास के क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 33 केवी उपकेंद्र में 10 एमव्हीए ट्रांसफार्मर स्थापित होने से मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली

**तेंदूखेड़ा।** जिले के तारादेही वितरण केंद्र अंतर्गत झलौन 33@11 केवी उपकेंद्र में विद्युत विभाग द्वारा एक 10 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे पहले झलौन उपकेंद्र से 5 प्लस 5 एमव्हीए के पावर ट्रांसफार्मर के माध्यम से 34 ग्रामों को विद्युत आपूर्ति की जा रही थी, जिसके कारण वोल्टेज व सप्लाई संबंधी समस्याएं सामने आती थीं। 5.प्लस 10 एमव्हीए के ट्रांसफार्मर स्थापित होने से अब झलौन, बगदरी गुह्ची, गुबरा, बासापुरा, जनकपुरा, मगदुपुरा, अंचलपुरा, सेहरी, हरदुआ, बिसनाखेडी, ससना कला खुर्द, फुलर, कुदूपुरा, ओरियामल, तिपनी एवं धनेटा सहित 3480 उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। विद्युत विभाग ने अवगत कराया कि जिले में कुल 17 पावर ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराए गए हैं, जिनमें से एक 10 एमव्हीके क्षमता के हैं। इन्हीं में से एक ट्रांसफार्मर का कार्य 14 दिसंबर 2025 को झलौन में पूरा किया गया है। इसके साथ ही कुछ दिन बाद तारादेही के 33@11 केवी उपकेंद्र में भी 5 एमव्हीए का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया जाएगा। जिले के अन्य 14 उपकेंद्र गैसाबाद, मुराछ, तेंदूखेड़ा, मडियादो, कुड़ई, कुम्हारी तारादेही, सिंग्रामपुर, शाखा, जबेरा, बनगांव, फुटेरा, बांदकपुर तथा दमोह शहर के किल्लाई नाका में भी आगामी दो महीनों के भीतर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य पूरा किया जाएगा। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर संबंधित उपकेंद्रों से जुड़े ग्रामों में वोल्टेज की समस्या से स्थायी समाधान मिलेगा और उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। झलौन 33@11 केवी उपकेंद्र मे 10 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित होने वाला जिले का पहला 10 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर है।

## दनवारा खेल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**पन्ना।** सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम दनवारा इन दिनों खेल गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में है। भारतीय थल सेना में पदस्थ सूबेदार पुष्पेंद्रतिवारी के गांव दनवारा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ दनवारा खेल मैदान में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सिमरिया श्री जगतपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सिमरिया श्री सुमित तिवारी की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों एवं दनवारा के गणमान्य नागरिकों द्वारा रिबन काटकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया। तहसीलदार सिमरिया श्री सुमित तिवारी ने कहा कि वे इस क्षण का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। पिछले वर्ष भी वे सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी द्वारा आयोजित खेल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे और ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों को प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम बताया। थल सेना में पदस्थ सूबेदार पुष्पेंद्रतिवारी ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 1000 मीटर एवं 5000 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान का हुआ आगाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**



जबेरा के नजदीकी ग्राम कोरता में रविवार को आम आदमी पार्टी के निर्देशन में मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मजदूर संघ व वर्तमान में मध्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बसंत राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बसंत राय के नेतृत्व में ग्राम कोरता में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कोरता,पिपरिया,डेलनखेड़ा एवं पट्टी सिंगोरगढ़ के सैकड़ो पुरुष महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। उक्त सभा में उपस्थित लोगों के द्वारा उनके घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाने एवं विरोध करने पर पुलिस की धमकी देकर के धमकाना एवं प्रत्येक गरीब परिवार को रू 500 से लेकर रू 5000 महीने तक के बिल देना कभी किसी के यहां रीडिंग नहीं करना आदि मनमानियो पर रोक लगाने की शासन से मांग की एवं चेतावनी दी गई की यदि गरीबों की उक्त समस्याओं पर प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है तो आम आदमी पार्टी उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इसी प्रकार इस समय किसान एक एक बोरी खाद के लिए दो-दो तीन-तीन दिन लाइन में लगा रहता है परंतु उसे खाद भी प्राप्त नहीं हो रहा है। इसी तरह ग्राम कोरता के बहुत से किसानों के द्वारा अपने खेतों में पहुंचने के लिए नदी पर रपटा बनाए जाने की मांग की जा रही है परंतु प्रशासन के द्वारा उनकी इस मांग को हमेशा आश्वासन देकर के इतिश्री कर दी जाती है। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह ग्राम जबेरा का सबसे विकसित ग्राम है यहां पर पहली से आठवीं तक शासकीय विद्यालय है परंतु विद्यालय में मात्र चार कमरे प्राथमिक विभाग की हैं। वहीं माध्यमिक विभाग का एक भी कमरा उपलब्ध नहीं है ऐसे में विद्यालय में पढ़ने वालेछात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है वक्ताओं ने कहा कि इससे ही शासन की शिक्षा के प्रति उदासीनता परिलक्षित हो रही है । उक्त सभा में डम्मू पटेल, बहादुर लोधी ,फागु पटेल, कल्याण पटेल, धनीराम आदिवासी सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

### पीजी कॉलेज में बनेगी उन्नत लाईब्रेरी, विकास कार्यों व योजनाओं पर सदस्यों से मिले सुझाव

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए जनप्रतिनिधियों ने तीन गांव बोतराई, सदगुवां और लुहर्रा गांव को चयनित किया है और यहां पर नरवाई प्रबंधन पर कार्य किया जाएगा। जिले में प्लंबर का प्रशिक्षण शुरू कराया जाये और इसका प्रस्ताव दिया जाये, सोलर की भी ट्रेनिंग प्रारंभ कराई जाये। पॉलिटेक्निक और आईटीआई दोनों जगह इस पर काम प्रारंभ कराये जायें। आने वाला समय सोलर एनर्जी का ही रहेगा। आगामी बैठक सिंचाई और पेयजल पर रखी जाये, जिसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा की हर जगह अंतिम छोर तक पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। इस आशय की बात प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक में कही। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, उपाध्यक्ष मंजु धर्मेन्द्र कटारे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे, एडीशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया खासतौर पर मौजूद थे। जिले के प्रभारी मंत्री श्री परमार ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास के लिये किये गये प्रयासों, उपलब्धियों पर गहन चर्चा की गई, निर्देशानुसार कार्यवाई की जाये।

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा पीजी कॉलेज में एक उन्नत लाइब्रेरी बनाई जाये इसकी राशि उपलब्ध करा दी जाएगी, इसका तत्काल प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये। इस लाइब्रेरी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा जो विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वह भी आकर यहां अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने जिले में महिलाओं के लिए दोना पत्तल के काम समूह से जोड़कर कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा दोना पत्तल की आज हर जगह काफी डिमांड है, इस दिशा में तेजी से काम प्रारंभ किए जायें, प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित किया जाये, लोगों में जन जागृति पैदा की जाये और प्लास्टिक के नुकसान से अवगत कराया जाये। श्री परमार ने कहा प्लास्टिक से गंभीर बीमारियां पैदा हो रही है। बैठक में बताया गया अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के युवा जो शिक्षक, प्राध्यापक बनना चाहते हैं, उन्हें कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाये ताकि वह सफल हो सके, विशेष कर मैथ्स इंग्लिश के बड़ी संख्या में पद खाली है, उन्हें भरा जा सकेगा । जिले के जिन स्कूलों में पहुंचने में वर्षा के दिनों में बच्चों को दिक्कतें पहुंचती है वहां पर ग्रेवल सड़क प्राथमिकता से बनवा दी जाए। दमोह शहर में पेयजल लाइन डालने के लिए जहां सड़के खोदी गई है, पुर्ननिर्माण का कार्य तेजी से कराये जाये नगर पालिका अधिकारी इसे तत्काल सुनिश्चित करायें।

उन्होंने बैठक के दौरान समिति के सदस्यों से कहा खाद वितरण की टोकन व्यवस्था जिले में प्रारंभ की गई है, इसका किस तरह का रिस्पांस है। बैठक में मौजूद सदस्यों ने बताया कि यह प्रणाली बहुत अच्छी है, जबसे टोकन मिला है लाइन में लगने से मुक्ति मिल गई है, व्यवस्था बेहतर है। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक गांव की सिंचाई की मैपिंग के संबंध में कहा यह काम तेजी से किया जाये जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा बताया गया की कार्य मैपिंग का शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया केन बेतवा परियोजना के तहत सर्वे का काम तेज गति से चल रहा है अगले तीन माह में डीपीआर और सर्वे हो जायेगा।

बैठक में पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सड़कों पर सब्जी बाजार के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा -निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहां 15-15 लाख की लागत से पांच प्रसाधन के निर्माण के लिए राशि शासन से मिली है, इसके टेंडर लगे और शीघ्र निर्माण सुनिश्चित कर लिया जाये।

इस आयोजित बैठक में सतेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि 7 से 11 जनवरी तक फिल्म फेस्टिवल आयोजित होने वाला है के संबंध में विस्तार से उन्होंने जानकारी दी।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया सागर दमोह मार्ग की स्वीकृति हाल ही में मंत्रिपरिषद की बैठक में दी गई है, जिसके तहत 2059.85 करोड़ रुपए से फोर लाइन मार्ग बनाया जायेगा। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित किया जायेगा। श्री कोचर ने बताया मेडिकल कॉलेज दमोह के लिए 330 नियमित और 205 आउटसोर्स पर पद स्वीकृत किए गए हैं, साथ ही झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना 165.006 करोड़ की स्वीकृति दी गई है, इससे तेंदूखेड़ा तहसील के 17 गांवों में सिंचाई होगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत जिले में 829 लाख सब्सिडी से पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत 1063 घरों में सोलर यूनिट स्थापना का कार्य नवंबर 2025 में किया गया, जिसमें स्वयं की बिजली बनाकर घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा विगत दो वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 6 पुलों का निर्माण कार्य किया गया है। यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत संपर्क विहीन सर्वे कार्य पूर्ण किया गया जिसमें 241 संपर्क विहीन बसाहटों का चिंन्हांकन किया गया है।

कलेक्टर ने पावर पॉइंट के माध्यम से बताया जिले में 2023 में निर्मित सीतानगर सिंचाई परियोजना द्वारा 16200 हेक्टर सिंचाई क्षेत्र में सिंचाई की गई है, जिसके माध्यम से दमोह एवं पथरिया तहसील के 51 ग्रामों में एक हेक्टर तक के चक में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। जिले में परियोजना का कार्य 95% पूर्ण हो गया है, आगामी तीन-चार माह में पूर्ण प्रस्तावित है, इसके माध्यम से 7620 सेक्टर क्षेत्र में सिंचाई पाइपलाइन के माध्यम से होगी।

कलेक्टर ने बताया लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत 91000 से अधिक बेटियां लाभान्वित हो रही है और लाड़ली बहन योजना अंतर्गत 245000 से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही है। औद्योगिक निवेश और कौशल विकास तथा रोजगार के संबंध में कलेक्टर ने बताया युवा संगम के माध्यम से 7000 से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर दिलाकर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। यह भी बताया कि स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दो वर्षों में लगभग 2000 ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने बताया दमयंती बेलाताल पार्क में अटल बिहारी वाजपेई जी की मूर्ति की स्थापना 25 दिसंबर को की जाएगी, जिसकी तैयारी कर ली गई है।

बैठक में जनपद पंचायत दमोह अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटैल, नरेन्द्र बजाज, लोकेन्द्र सिंह पटैल (लकी भैया), सतेन्द्र सिंह लोधी सहित जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# छह माह से छत पर 'मौत का करंट'

### जर्जर विद्युत केविल बनी टाइम बम, शिकायतों के बाद भी विभाग मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत विद्युत विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। ग्राम बनवार निवासी हरगोविंद शर्मा पिता सोमनाथ शर्मा के मकान की छत पर गिरी जर्जर विद्युत केविल पिछले छह महीनों से जानलेवा खतरा बनी हुई है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन हर बार कनिष्ठ यंत्री द्वारा समाधान का आश्वासन देकर शिकायत वापस करवा ली जाती है। इसके बावजूद मौके पर कोई कार्य नहीं कराया गया। लगातार अनदेखी से परेशान होकर पीड़ित ने 10 तारीख को कनिष्ठ यंत्री, बनवार को लिखित शिकायत आवेदन भी सौंपा, लेकिन छत पर पड़ी विद्युत केविल अब तक नहीं बदली गई। पीड़ितों के अनुसार मकान की छत और चारों ओर विद्युत तार मकड़ी के जाल की तरह फैले हुए हैं। परिवार के सदस्य, बच्चे और बुजुर्ग हर समय करंट की चपेट में आने के खतरे के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

#### कनिष्ठ यंत्री ने ठेकेदार पर डाली जिम्मेदारी

इस मामले में कनिष्ठ यंत्री विश्वास मिश्रा का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने के बाद ठेकेदार को केविल बदलने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक केविल नहीं बदली गई। उन्होंने कहा—"मैं कल स्वयं मौके पर जाकर स्थिति देखूंगा और केविल बदलवाने की कार्रवाई कराऊंगा।"

#### क्या हादसे के बाद ही जागेगा विभाग?

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही विभाग हरकत में आता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल जर्जर केविल हटाकर सुरक्षित व्यवस्था की जाए।

#### बड़ा सवाल

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यह समस्या केवल एक उपभोक्ता तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे बनवार विद्युत वितरण केंद्र क्षेत्र की है, जहां जगह-जगह बिजली की केविल जर्जर हालात में पड़ी हुई हैं, लेकिन उनके सुधार को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें विद्युत विभाग पर टिकी हैं— क्या समय रहते कार्रवाई होगी, या फिर किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही जिम्मेदारी तय की जाएगी?

# पटेरा में पतंजलि की संयुक्त बैठक का आयोजन



पटेरा। विकासखंड पटेरा थाना परिसर बगीचा मंदिर में पतंजलि योगपीठ समिति,भारत स्वाभिमान, किसान सेवा संगठन एवं महिला पतंजलि की संयुक्त बैठक में संगठनात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी महीनों के लिए योग कक्षाओं का विस्तार, नए योग शिविरों के आयोजन तथा जनजागरूकता को बढ़ावा देने संबंधी प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य रूप से संगठनात्मक मजबूती के लिये कार्यकर्ताओं की एकजुटता और आगामी गतिविधियों के प्रति उत्साह को नई दिशा प्रदान की गई। योग प्रशिक्षण शिविर के संबंध में बताया कि 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में आयोजित शिविर में जाने के लिए पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण लेने के लिए निर्देशित किया। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान किसान सेवा संगठन में सर्व सम्मति से नए पदाधिकारीयों का चयन किया गया नवनियुक्त पदाधिकारी को संगठन में कैसे कार्य करना है योग कक्षाओं का विस्तार कैसे करना है इन सब पर परोहा जी ने विशेष तौर से प्रकाश डालते हुए घर-घर योग जन-जन योग तक पहुंचाने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर भरत शर्मा के जिला प्रभारी भाई रामजी सोनी महिला पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी श्रीमती सरस्वती धुर्वे पटेरा से सर्वश्री राजेश नेमाजी,अवध किशोर सोनी,संजय पालीवाल,भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र बर्मन, श्रीमती संध्या तंतुबाय, संतोष पांडे पटेरिया सागोनी ,आशीष सोनी कुम्हारी , हरिशंकर पांडे शास्त्री गाता कौड़िया की मौजूदगी रही। बैठक के समापन में श्री राजेश नेमा जी ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया

# असाटी समाज के महामंत्री बने महेश असाटी

### निर्विरोध चयन पर मिला जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अखिल भारतीय महासभा असाटी समाज में संगठनात्मक एकता और विश्वास की मिसाल पेश करते हुए महेश असाटी (शिक्षक), दमोह को राष्ट्रीय महामंत्री पद पर निर्विरोध चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही समाजजनों में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया। निर्विरोध चयन के उपलक्ष्य में महेश असाटी के निज निवास असाटी वार्ड नंबर–01, दमोह में बधाई देने वालों का तांता लग गया। समाज के वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर, पुष्प–गुच्छ अर्पित कर एवं मिठाई खिलाकर हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर दमोह, हटा, बटियागढ़, फुटेरा, चिरोला सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजसेवी, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने महेश असाटी के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान असाटी समाज के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस असाटी ने कहा कि महेश असाटी का राष्ट्रीय महामंत्री पद पर निर्विरोध चयन समाज की एकता, आपसी विश्वास, समर्पण और सेवा–भाव का उज्ज्वल प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह चयन यह दर्शाता है कि समाज संगठनात्मक मजबूती की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। समाजजनों ने बताया कि महेश असाटी एक शिक्षक होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। उनका सरल स्वभाव, सेवा भावना और संगठन के प्रति समर्पण उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बनाता है। महेश असाटी ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने समाज को संगठित कर शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और समाजजनों ने संगठन की मजबूती व सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## विश्व कप विजेता सुषमा पटेल को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

विधानसभा क्षेत्र की बेटी ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया हैं। इसी कड़ी में दमोह जिले की जनपद जबेरा अंतर्गत ग्राम घाना–मैली निवासी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टी–20 विश्व कप विजेता खिलाड़ी सुश्री सुषमा पटेल को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुषमा पटेल को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए 25 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। साथ ही उन्होंने सुषमा की आगे की शिक्षा, खेल प्रशिक्षण और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सुषमा पटेल जैसी बेटियाँ मध्यप्रदेश की शान हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ग्रामीण अंचलों से निकलने वाली बेटियों को विश्व स्तर तक पहुंचाने के प्रयास और तेज किए जाएंगे।

## सर्व स्वर्णकार सोनी समाज का परिचय एवं विवाह सम्मेलन 5 फरवरी को

**दमोह**। सर्व स्वर्णकार सोनी समाज विधानसभा क्षेत्र जबेरा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि उपज मंडी जबेरा में सुनकर सोनी समाज का परिचय एवं विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 5 फरवरी 2026 को परिचय एवं 6 फरवरी 2026 को सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। इस तरह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों छोटे बड़े का भेदभाव धन अभाव के कारण समाज के लोग अपने बच्चा बच्चियों के शादी नहीं कर पाते हैं। सम्मेलनों के माध्यम से विवाह योग अपने बच्चा बच्चियों की शादियां कर लेते हैं। यह सम्मेलन पूर्णतः नि शुल्क रहेगा। कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी, समिति अध्यक्ष प्रकाश सोनी, जबलपुर सह सचिव अखिलेश सोनी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सम्मेलन में पधार कर समय का लाभ उठाएं।

## वृद्ध की अपने घर में हुई मौत, कारण अज्ञात

तारादेही /तेंदूखेड़ा। तारादेही थाना के अंतर्गत ग्राम बम्होरी रैयत में वारेलाल पिता हुलकर आदिवासी 72 के सुबह अचानक मौत हो गई। मृतक के परिजन एक सप्ताह पहले ग्राम में ही हुए विवाद के कारण मौत होने का आरोप लगा रहे है। जिस कारण पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है। तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुणे ने बताया है कि वृद्ध की मौत हुई है। कैसे हुई है अभी कारण अज्ञात है। क्योकि कोई घाव और किसी प्रकार के निशान नही है। परिजना के लगभग एक सप्ताह पहले विवाद होने का आरोप लगाने के कारण पोस्टमार्टम कराया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण बताया जा सकता है।

### 1500 रू की रसीद सुनते ही लौट रहे सैलानी

# रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नियम बने पर्यटकों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को देखने दूर-दराज से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन प्रवेश शुल्क और नियमों की जानकारी मौके पर मिलने के बाद अधिकांश सैलानी निराश होकर वापस लौट रहे हैं। पर्यटकों के अनुसार, टाइगर रिजर्व क्षेत्र में केवल फोर व्हीलर वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति है, वह भी अधिकतम छह लोगों के लिए, जिसके लिए 1500 रू का शुल्क निर्धारित किया गया है। जैसे ही पर्यटकों को इस शुल्क की जानकारी मिलती है, वे निदान वॉटरफॉल बैरियल से सिंगोरगढ़ बैरियल से ही लौटने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्रतिदिन करीब 25 से 50 वाहन केवल प्रवेश शुल्क अधिक होने और नियमों की पूर्व जानकारी नहीं मिलने के कारण वापस लौट रहे हैं। इससे टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। पर्यटकों का कहना है कि जबलपुर, कटनी, दमोह सहित आसपास के जिलों से लोग परिवार के साथ घूमने के उद्देश्य से यहां पहुंचते हैं, लेकिन हाईवे या प्रवेश स्थलों पर किसी भी प्रकार का सूचना पटल न होने के कारण उन्हें टिकट दरों और नियमों की जानकारी पहले से नहीं मिल पाती, जिससे नाराजगी बढ़ रही है। जबलपुर से आए पर्यटक दीपक ने बताया कि वह परिवार के साथ निदान वॉटरफॉल और सिंगोरगढ़ घूमने पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर पता चला कि केवल फोर व्हीलर को ही प्रवेश मिलेगा, वह भी ₹1500 शुल्क के साथ। टू-व्हीलर और पैदल प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि न तो कहीं जानकारी उपलब्ध थी और न ही पर्यटकों के लिए पानी या अन्य बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। शुल्क भी काफी महंगा है, जिसके चलते कई लोग लौट चुके हैं। इसी तरह जबलपुर के ही सैलानी गौरव सोनी ने बताया कि उनके साथ कुछ लोग टू-व्हीलर से आए थे, लेकिन प्रवेश से मना कर दिया गया। फोर व्हीलर का रू 1500 शुल्क आम पर्यटकों के लिए भारी पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि हाईवे और प्रवेश स्थलों पर सूचना पोर्टल लगाए जाएं, ताकि पर्यटक पहले से जानकारी प्राप्त कर सकें।

पर्यटकों का यह भी कहना है कि 25 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच हर वर्ष बड़ी संख्या में सैलानी रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर पहुंचते थे, लेकिन नए नियम और शुल्क लागू होने के बाद आने वाले समय में पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आने की आशंका है।

इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी रेंजर लईक खान ने बताया कि सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रिजर्व क्षेत्र में केवल फोर व्हीलर वाहनों को ही अनुमति दी गई है। एक वाहन में अधिकतम छह लोग जा सकते हैं और प्रवेश शुल्क ₹1500 निर्धारित है। पैदल और टू-व्हीलर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। फिलहाल, रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नए नियम पर्यटकों के लिए परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शुल्क और नियमों की जानकारी पहले से सार्वजनिक की जाए तथा बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

## गायत्री महायज्ञ का हुआ भूमि पूजन



**जबेरा** । जबेरा जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा के रानी अवंती बाई लोधी परिसर में आज 51 कुंडी य राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन किया गया। यह गायत्री महायज्ञ आगामी 6 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें 6 जनवरी को दोपहर 3 बजे से कलश यात्रा का आयोजन होगा जो हनुमान मंदिर परिसर से आयोजित की जावेगी विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पहुंचेगी। 7 जनवरी को देव आवाहन एवं यज्ञ का शुभारंभ विभिन्न संस्कार दोपहर 3 बजे तक किए जाएंगे 8 जनवरी को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक गुरु दीक्षा संस्कार आयोजित किए जाएंगे एवं 9 जनवरी को गायत्री महायज्ञ की पूर्ण आहुति प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया जावेगा। इस महायज्ञ में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा नोहटा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारी के लिए विभिन्न ग्रामों से पधारे गायत्री परिवार के लोगों से मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सौजन्य भेंट की।

## तीन प्रकरण में पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह** । पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत 03 प्रकरण में 03 आरोपियों पर 05 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 552/24 धारा 115, 118(1), 351 (3), 118(2) बीएनएस के तहत अरोपी जगदीश पिता सुरेश कोरी उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्रमांक 03 हजारी की तलैया दमोह पर 02 हजार रूपये, थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 364/25 धारा 296, 115(2), 351(3), बीएनएस के तहत अरोपी प्रियांशु पिता कैलाश रैकवार उम्र 25 साल निवासी मुकेश कालोनी दमोह पर 1500 रूपये तथा थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 168/25 धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत आरोपी अनिल ऊर्फ अंटेश राय पिता राजेन्द्र राय निवासी कोरता थाना जबेरा पर 1500 रूपये का इनाम घोषित किया है।